फर्द अहकाम
(नियम 26)
न्यायालय सहायक कलक्टर रियांबडी
बींजाराम बनाम तहसीलदार
राजस्व वाद 88 आरटी एक्ट
मु. सं. 52/2019

क्रम तारीख	हुक्म या कार्यवाही इनिशियल जज	नंबर व तारीख अहका इस हु की त में जा
06.2022	पत्रावली आज प्रशासन गांवों के संग अभियान कैम्प 2021 मे पेश हुई। वकील वादी उपस्थित। वकील वादी ने प्रार्थना पत्र अंतर्गत आदेश 22 नियम 3 सीपीसी का पेश कर अवगत करवाया कि वादी की मृत्यु हो गई है तथा उसके स्थान पर उसके वारिसान को वादीगण के रूप मे पक्षकार बनाया जावें। वकील वादी का सुना गया। वकील वादी का प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाता है। वादी के कायम मुकाम मय संशोधित शीर्षक को रेकर्ड पर लिया जाता है। तहसीलदार रियांबड़ी से जांच रिर्पोट प्राप्त, शामिल मिसल हो। तहसीलदार रियांबड़ी ने अपनी जांच रिर्पोट मे बताया कि वादी ग्राम गेमलियावास की नामा. संख्या 638 जो कि श्री बुधाराम की विरासत का है, जिसके अनुसार वादी अपना नाम दियाराम पुत्र बुधाराम के स्थान पर बींजाराम दर्ज करवाना चाहता है। मुताबिक नामान्तकरण ख.न. 175 मे बुधाराम की विरासत खोली गई जिसमे बाबुलाल, बीजांराम, धर्माराम, आसाराम पि. बुधाराम, गलकाई स्व. बुधराम दर्ज रिकॉर्ड किया गया। ख.न. 175 के नये ख.न. 237, 238 कायम किये गये जिसमे वादी का नाम दियाराम पुत्र बुधाराम दर्ज कर दिया गया, अतः उपरोक्त ख.न. मे दियाराम पुत्र बुधाराम जाति कुम्हार की जगह बींजाराम पुत्र बुधाराम किया जाना उचित है। । तहसीलदार रियांबड़ी की जांच रिर्पोट व पत्रावली मे पेश रेकर्ड का अवलोकन किया गया। तहसीलदार रियांबड़ी ने अपनी जांच रिर्पोट मे शुद्वि किया जाना उचित बतायां। अतः तहसीलदार रियांबड़ी की जांच रिर्पोट के आधार पर शुद्वि किया जाना उचित है, मौजा ग्राम गेमलियावास की सरहद मे स्थित खेत ख.न. 237 रकबा 1.05 हैक्टेयर, ख.न. 238 रकबा	

उपखण्ड अधिकारी
रियांबडी(नागौर)

1.16 हैक्टेयर, ख.न 681 रकबा 1.64 हैक्टेयर, ख.न. 682 रकबा 1.64 हैक्टेयर कुल रकबा 5.49 हैक्टेयर की खातेदारी मे दर्ज दियाराम पुत्र बुधाराम की जगह बिजाराम पुत्र बुधाराम दर्ज किया जाता है। राजस्व रेकर्ड दुरूस्त किया जाता है। तहसीलदार रियांबड़ी को पालना हेतु तहरीर जारी हो। पत्रावली फैसल शुमार होकर दाखिल दफ्तर हो।

सहायक कलक्टर
रियांबडी